प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने होम्योपैथी की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान, साक्ष्य आधारित मूल्यांकन और मरीजों की सुरक्षा को मजबूत करने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा देश के दो महत्वपूर्ण स्तंभ बने रहने चाहिए। राष्ट्रपति ने आज ओडिशा में होम्योपैथी पर राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी का भविष्य वैज्ञानिक ईमानदारी, व्यापक अनुसंधान और चिकित्सकीय साक्ष्यों पर आधारित होना चाहिए। ए.आई.डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी और आधुनिक अनुसंधान की परिवर्तनकारी भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने होम्योपैथी संस्थानों से तकनीकी प्रगति और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में करुणा, मरीजों की सुरक्षा और मानवीय गरिमा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

.....

डीसी शिमला

शिमला ज़िला प्रशासन ने आगामी बर्फबारी सीज़न को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसे लेकर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने आज शिमला में ज़िले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की और बर्फबारी से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष ज़िला प्रशासन ने बर्फबारी के दौरान बेहतर कार्य किया था। उपायुक्त ने कहा कि आपात स्थिति में जानमाल की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बहुआयामी तैयारी ज़रूरी है। अनुपम कश्यप ने सभी उपमंडलाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्र में आकस्मिक योजना तैयार करने और राशन, गैस सिलेंडर व डीज़ल जैसी आवश्यक वस्तुओं का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था की जाए।

.....

किसान मोर्चा

प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार द्वारा खेतीबाड़ी के संबंध में चलाई जा रही नीतियों को किसानों तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में किसानों–बागवानों और पशुपालकों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संदीप देष्टा ने बताया कि कार्यसमिति ने किसानों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का आभार जताया और एक राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि वर्ष 2014 के बाद केंद्र सरकार ने किसानों की आर्थिक समृद्धि व कृषि क्षेत्र के विकास को विशेष प्राथमिकता दी है।

.....

मौसम

प्रदेश में अगले कुछ दिनों में वर्षा या बर्फबारी की कोई संभावना नहीं है और मौसम विभाग ने 30 नवम्बर तक मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य में दिन के तापमान में असामान्य बढ़ौतरी दर्ज की जा रही है। पिछले 24 घंटों में ऊना में अधिकतम तापमान 27 दशमलव 2, जबकि शिमला में 24 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 6 डिग्री अधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नवम्बर महीने में न के बराबर वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

.....

जेईई –पंजीकरण अंतिम तिथि

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन.टी.ए. ने बताया है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा– जेईई मेन के पहले सत्र के लिए विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण कराने की कल अंतिम तिथि है। एन.टी.ए. ने बताया कि अब तक 15 लाख 73 हजार 18 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 13 लाख 96 हजार 7 से अधिक अभ्यर्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा शुल्क जमा कर दिया है।

.....

सांस की बीमारी

प्रदेश में खुष्क ठंड का दौर जारी है और सुबह–शाम लोगों को सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। खुष्क ठंड के कारण सर्दी–जुकाम सहित कई अन्य बीमारियां पनप रही हैं। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक राकेश पंवार ने बताया कि सर्दी के मौसम में सांस के मरीज़ों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने लोगों को घरेलू उपचार की बजाय अस्पताल में जाकर डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह दी है।

.....